# <u>उच्च न्यायालय, इलाहाबाद</u>
## <u>विज्ञापन</u>

विज्ञापन संख्या - **01**/टेलीफोन मैकेनिक /**2010** अन्तिम तिथि : **31.05.2010**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अधिष्ठान में टेलीफोन मैकेनिक के **4** पदों ( **2** सामान्य वर्ग, **1** अन्य पिछड़ा वर्ग व **1** अनुसूचित जाति वर्ग हेतु) पर वेतन बैंड **IS** रु० **4440 – 7440,** ग्रेड वेतन रु० **1400/** में नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं | नियुक्ति प्रदान किये जाने पर उन्हें शासनादेश/नियमों द्वारा अनुमन्य सामान्य भत्ते देय होंगे|

**शैक्षणिक योग्यता, अनुभव :**

1. उम्मीदवारों को कक्षा **8** या उसके समकक्ष शैक्षणिक स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी |
2. जो उम्मीदवार उक्त प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे उन्हें एक योग्यता परीक्षा भी देनी होंगी |
3. उन उम्मीदवारों में से जिन्होंने उक्त योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण की हो उम्मीदवारों द्वारा की गयी सेवा के घण्टों की संख्या पर आधारित वरिष्ठता के आधार पर चयन किया जायेगा |

**आयु सीमा :**

उम्मीदवारों की आयु 1 जुलाई, 2009 को 18 वर्ष से कम व 35 वर्ष से अधिक न हो | उत्तर प्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित व अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी | भूत पूर्व सैनिकों को शासनादेश संख्या 17/2/1981-कार्मिक-2 दिनाँक 28.02.1985 के अन्तर्गत आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी |

अधिकतम् आयु सीमा में छूट समय-समय पर जारी शासनादेश एवं माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा पारित आदेशानुसार होगी | उपयुक्त पदों पर नियुक्ति अस्थायी आधार पर की जायेगी एवं उनकी सेवाएं कभी भी समाप्त की जा सकेगी |

| शुल्क : | सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|
| | **100/-** रु० | **50/-** रु० |

**नोट :**

(1) अभ्यर्थियों को अपने आवेदन के साथ अनुभव प्रमाण पत्र जिसमें उनके सेवा के घण्टे का विवरण हो संलग्न करना होगा |

(2) वे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में विज्ञापन संख्या 1/2007 दिनाँक 07.09.2007 के संदर्भ में टेलीफोन मैकेनिक पद के लिए आवेदन किया था (जिन्हें उस पद के लिए योग्य पाया गया और उन्हें लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निगत किये गये थे) उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, उनका अभ्यर्थन इस विज्ञापन के लिए भी माना जायेगा और उन्हें उच्च न्यायालय द्वारा लिखित परीक्षा की तिथि के बारे में सूचित किया जायेगा |

**आवेदन कैसे करें :**

नीचे दिये गये प्रारूप में सादे व फुल स्केप कागज पर हिन्दी या अंग्रेजी में सम्यक् प्रकारेण अंकित आवेदन पत्र के साथ आयु के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति एवं योग्यता, अन्य योग्यता व अनुभव के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र व दस्तावेज किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित दो फोटो (एक आवेदन पत्र पर चिपका होना चाहिए एवं दूसरा उसके साथ नत्थी होना चाहिए) स्वयं का पता लिखा हुआ एक लिफाफा, जिस पर डाक शुल्क रुपया 22/- का लगा होना चाहिए, संलग्न किया जाये | परीक्षा शुल्क किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक जो '**महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद**' के पक्ष में देय होगा, द्वारा स्वीकार किया जायेगा | आवदेन पत्र रजिस्टर्ड पोस्ट या स्पीड पोस्ट द्वारा दिनाँक **31.05.2010** तक महानिबन्धक उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पास अवश्यक पहुंच जाना चाहिए | निधारित तिथि के पश्चात् आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा | आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवाएं (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत रोस्टर का लाभ लेने हेतु यह अनिवार्य होगा कि वे योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करें |

दिंनाक : 20.04.2010

महानिबन्धक

# आवेदन पत्र का प्रारूप
## उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

**विज्ञापन संख्या - 01**/टेलीफोन मैकेनिक **/2010** **पद का नाम :** टेलीफोन मैकेनिक

| पासपोर्ट आकार का नवीनतम् रंगीन फोटो चिपकाएं, जो सम्यक् प्रकारेण स्व हस्ताक्षरित हो और राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हो. |
|---|

**1.** अभ्यर्थी का नाम ______________________

**2.** जन्म तिथि ______________________

(अंकों एवं शब्दों में) ______________________

**3.** लिंग (पुरुष/महिला) ____________

**4.** राष्ट्रीयता ____________

**5.** पिता/पति का नाम ______________________

**6.** डाक का वर्तमान पता ______________________

**7.** स्थायी पता ______________________

**8.** टेलीफोन/ मोबाइल नं. ______________________

**9.** शैक्षणिक अर्हताएं :

| उत्तीर्ण की गई परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | संस्था/कालेज का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**10.** अनुभव : ______________________

**11.** क्या आप विवाहित हैं ? यदि ऐसा है तो, क्या आपके पास एक से अधिक जीवित पति / पत्नियाँ हैं या क्या आपने एक ऐसे वयक्ति से विवाह किया है, जिसके पास जीवित पति / पत्नी है ? __________

**12.** बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक की संख्या तथा तिथि और उसका मूल्य

संख्या : __________ धन राशि रु० : _______ तिथि : _______ बैंक का नाम :_______________

(आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाये)

**13.** (अ) यदि आप उत्तर प्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित हों तो अपनी श्रेणी लिखें :

(ब) मूल का निवास का राज्य :

(स) यदि आप स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित (डी.एफ.एफ.) या शारीरिक रूप से विकलांग (पी.एच.) या महिला (डब्ल्यू.) या भूतपूर्व सैन्यकर्मी (ई.एस.एम.) या खिलाड़ी (एस.पी.) हैं तो श्रेणी लिखें :

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर )

नोट:

1. आवेदक स्व-हस्ताक्षर युक्त एवं किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार की एक नवीनतम् रंगीन फोटो आवेदन पत्र में दिए गए स्थान पर चिपकाएं और एक नत्थी करें|
2. सरकारी विभाग/उपक्रम में कार्यरत आवेदक उचित माध्यम से आवेदन पत्र भेंजे|
3. उस लिफाफे पर, जिसमें आवेदन-पत्र को रखा जाए, अंकित किया जाए "टेलीफोन मैकेनिक के पद के लिए आवेदन पत्र" |
4. फोटो के न चिपकी होने या बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक के संलग्न न होने या प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित प्रतियों के संलग्न न होने या अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षारित न होने या अभ्यर्थी के सेवारत होने के मामले में उचित माध्यम से न भेजे जाने की स्थिति में आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया जाएगा|
5. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और किसी डाक विलम्ब के लिए न्यायालय उत्तरदायी नहीं होगा. ऐसे आवेदन-पत्र जो सभी प्रकार से पूर्ण नहीं होंगे, उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा|
6. परीक्षा के लिए उपयुक्त पाए गए आवेदकों के बारे में सूचना इलाहाबाद उच्च-न्यायालय की बेव साइट **www.allahabadhighcourt.in** पर उपलब्ध करायी जाएगी|
7. उत्तर प्रदेश लोक सेवाएं (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण ) 1994 के अनुसार रोस्टर का लाभ प्राप्त करने के लिए आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को योग्यता परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है|

दिंनाक: **20.04.2010**

**महानिबन्धक**